“आवो करें प्रकृति में निवास” अभियान के तहत अग्रवाल महाविधालय बल्लबगढ़ में वृक्षारोपण का आयोजन

आज दिनांक 11 जुलाई, 2023 को अग्रवाल महाविधालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के कुशल मार्गदर्शन में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के **आवो करें प्रकृति में निवास** अभियान के तहत किया गया। विदित है कि उपायुक्त कार्यालय, जिला फरीदाबाद की देख रेख में **हरियाणा उदय कार्यक्रम** चल रहा है जिसके तहत फरीदाबाद शहर में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये जाने है जिससे शहर को हरा भरा व प्रदूषण मुक्त बनाया जाना है। इसके अंतर्गत विधार्थियों को पेड़ लगाते हूए सेल्फी लेकर जिला प्रशासन के पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। सबसे ज्यादा पेड़ लगाने वाले विधार्थी को अभियान के समापन अवसर पर जिला उपायुक्त कार्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग से बचाव व पर्यावरण संरक्षण का एक मात्र उपाय वृक्षारोपण ही है। इस अभियान के अंतर्गत कॉलेज यूथ रेडक्रॉस काउंसलर सुभाष कैलोरिया व श्रीमती पूजा ने महाविधालय के विधार्थियों को सौ पेड़ वितरित किए। जिन्हें वालंटियर्स ने आउटरीच क्षेत्रों में रोपित किया ।इस अवसर पर डॉ. राम चंद्र, डॉ. जगवीर, श्री शिवनारायण, श्री मनमोहन , श्रीमती ललिता, श्रीमती संतोष, श्री सौरव सहित महाविधालय के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।